सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-211
03/05/2016

मुख्यमंत्री ने की कोशी प्रमण्डलीय समीक्षात्मक बैठक

पटना, 03 मई 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज प्रमंडलीय सभागार सहरसा में कोशी प्रमण्डल के तीनों जिलों में की गई शराबबंदी एवं सात निश्चय से संबंधित प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने शराबबंदी से संबंधित चेकपोस्ट, नशा मुक्ति केन्द्र में अब तक की गई कार्रवाई का बिंदुवार प्रतिवेदन की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने शराबबंदी के लिये सर्तकता और सतत् कार्रवाई करने का निर्देश तीनों जिलो के अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में शिथिलता नहीं आनी चाहिये। बॉडर पर स्थापित चेकपोस्ट पर और निगरानी की जानी चाहिए, जिससे शराब का धंधा फल–फूल न सके। उन्होंने कहा कि जो इस कार्य में लिप्त पाये जायें, उन पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। सभी अधिकारियों से कहा कि संथाल एवं महादलित लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नई योजनाओं का कार्यान्वयन किया जाना चाहिए ताकि उनके लिए रोजगार मुहैया कराया जा सके और नई स्कीम बनाया जाय, जिसका सभी फायदा उठा सकें। तार के पेड़ से जिनकी निर्भरता है, उनके लिए भी स्कीम बनाई जानी चाहिए। उनके प्रशिक्षण आदि की भी व्यवस्था की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक हल, युवाओं को बल के तहत जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र तथा प्रत्येक प्रखंड में भाषा संवाद एवं बुनियादि कम्प्यूटर ज्ञान केन्द्र की स्थापना एवं सभी विश्वविद्याय, महाविद्यालयों में निःशुल्क वाई–फाई की सुविधा, हर घर बिजली लगातार, शौचालय निर्माण घर का सम्मान, हर घर नल का जल, अवसर बढ़े, आगे पढ़े के तहत प्रत्येक जिला में जी0एन0एम0 स्कूल की स्थापना, प्रत्येक जिला में महिला आई0टी0आई0, प्रत्येक जिला में पारा मेडिकल संस्थान की स्थापना, प्रत्येक जिला में अभियंत्रण महाविद्यालय की स्थापना, प्रत्येक जिला में पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना, प्रत्येक अनुमंडल में ए0एन0एम0 स्कूल, आई0टी0आई0 की स्थापना की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अनुमंडल एवं जिला में लोक शिकायत निवारण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम का शुभारंभ 6 जून से होने वाला है, उसकी प्रगति की समीक्षा की और तेजी से कार्य कराने का निर्देश दिया। लोक सेवाओं के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त प्रतिवेदन पर गहन समीक्षा करते हुए लंबित आवेदनों के निष्पादन का निर्देश दिया। जिलावार औसत जल स्तर, चापाकलों की मरम्मति, सुखाड़ की स्थिति के संबंध में भी समीक्षा की और संबंधित प्रधान सचिव से भी जानकारी ली।

बैठक में ऊर्जा मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री अब्दुल गफ्फूर, आपदा प्रबंधन मंत्री श्री चन्द्रशेखर, विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, प्रधान सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी, सभी विभागों के प्रधान सचिव/सचिव, प्रमण्डलीय आयुक्त श्रीमती टी0 बिघ्नेश्वरी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा सहित कोशी प्रमण्डल के तीनों जिले के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

*****